## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की जिला बदर की कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत दीपक उर्फ चिन्ना पाण्डेय उम्र 34 वर्ष, पिता स्व. राकेश पाण्डेय, निवासी ब्राम्हण मोहल्ला पुरानी बस्ती कोरबा निवासी को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा राजस्व जिला तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के सिस्टम एवं ईएंडटी महाप्रबंधकों की समनवय बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। निदेशक तक (संचा.) ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए गए विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाकर कंपनी के डेटा की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

### खदान में भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा हुई

**कोरबा।** जिले की कोयला खदानों भूजल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण दिल्ली व रायपुर के सदस्य टीम में शमिल थे। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण नई दिल्ली व क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के सदस्यों में सचिव टीबी एन सिंह की मौजूदगी रही। जिनकी अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को एसईसीएल की गेवरा, दीपका व बगदेवा खदानों का निरीक्षण किया।खदान प्रबंधन द्वारा भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर भूजल प्राधिकारण के सदस्यों द्वारा भूजल के प्रभावी उपयोग व भूजल पुनर्भरण के महत्त्व पर जोर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता ली गयी। दौरे को सफल बनाने में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, एसईसीएल गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती, गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एके सक्सेना व कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या की अहम भूमिका रही।

### दो सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, हजारों का माल पार

**कोरबा।** चोरों ने दो सूने मकान को निशाना बनाकर हजारों का माल पार कर दिया है। चोरों ने एसईसीएल कर्मी के घर धावा बोलकर 85 हजार रुपए के सामनों की चोरी कर ली। सेंट्रल वर्कशॉप में कार्यरत फोरमैन रामायण तिवारी का सुभाष ब्लॉक कॉलोनी में मकान है। 18 अप्रैल को तिवारी अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में दुर्ग गए थे। इस बीच चोरों ने मकान में धावा बोलकर ताला तोड़ दिया। अल्मारी से 15 हजार रुपए नकद और सोने की मंगलसूत्र व पायल की चोरी कर ली। इसी तरह चोरों ने दीपका के शक्तिनगर स्थित एक अधिकारी के घर धावा बोलकर टीवी, सेटअप बॉक्स सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। इसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई जा रही है। शक्तिनगर के आवास बी 211 में आनंदाप्पा का मकान है। वह बीएचईएल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आनंदाप्पा परिवार के साथ मैसूर गए थे। इस बीच चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ दिया। घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

# नहर की दरकार है बेला जलाशय को, खेतों को नहीं मिल पाता पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत बेला के जलाशय का निर्माण बहुत पहले किया गया था, लेकिन नहरों का निर्माण न होने से गांव से दूर खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता। अब बेला जलाशय को पर्यटन केन्द्र बनाने और उसके विस्तार को लेकर विचार चल रहा है, किंतु वन विभाग की एनओसी एक कानूनी अड़चन बनी हुई है। पूर्व में कड़े वन कानून नहीं होने से विस्तार और निर्माण में तकनीकी दिक्कतें नहीं आती थी।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत बेला और बताती जलाशय ऐसे जलाशय हैं, जहां पहाड़ों और जंगलों का पानी बरसात का आता है। किंतु केचमेंट एरिया अधिक नहीं होने से पानी भर नहीं पाता, जिससे खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। बताती और बेला जलाशय के आसपास कई किसानों के खेत भी हैं, किंतु नहरों का निर्माण नहीं होने से पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने पूर्व में नहर निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग से बात की थी, किंतु वर्तमान में वन विभाग के नये काड़े कानून होने से अब किसी भी जलाशय का विस्तार करना कठिन हो गया है। यही कारण है कि बताती के साथ बेला जलाशय का विस्तार न होने से न तो नहरों का निर्माण हो रहा है और ना ही इसके पानी का उपयोग कृषि कार्य में किसान कर पा रहे हैं। जबकि दोनों ही जलाशय घने वन क्षेत्र में स्थित है, किंतु केचमेंट एरिया अधिक नहीं होने के कारण बरसात का पूरा पानी जलाशय में नहीं भर पाता। अब क्षेत्रवासियों ने बेला जलाशय को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की मांग की है। बेला जलाशय का पानी विस्तार करने पर बेला के अलावा टापरा, सुअरधार, दोंदरो आदि ग्रामों को पानी मिल सकता था। किंतु वन विभाग का एनओसी मिलना अब कठिन हो गया है, जिसे देखते हुए इसके विस्तार को लेकर प्रस्ताव भी तैयार नहीं हो पा रहा है। हालांकि सिंचाई विभाग बेला और बताती जलाशय सहित अन्य सभी जलाशयों का जीर्णोद्धार करने जा रहा है।

## वन क्षेत्र होने के कारण एनओसी की अड़चन

**खास बात**
- बेला जलाशय को पर्यटन का केन्द्र बनाने एवं विस्तार को लेकर चल रही तैयारी



**होगा जीर्णोद्धार**

कोरबा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले छोटे जलाशयों के पानी का उपयोग किसान कर सकें। इसे लेकर जीर्णोद्धार का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बेला और बताती का केचमेंट एरिया कम है, जिससे पानी नहीं मिल पाता।
-**एसएल द्विवेदी**, कार्यपालन अभियंता, सिंचाई विभाग

## कुदुरमाल के सरपंच सचिव को जारी किया गया नोटिस

# रेत चोरों ने कुदुरमाल में अलग से बना लिया था रेतघाट, खनिज विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेत तस्कर लगातार प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर शहर के अलग-अलग क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में रेत की चोरी कर रहे हैं। रेत तस्कर इतने शातिर हो गए थे कि कुदुरमल के स्वीकृत घाट से अलग कुछ दूरी पर ही अलग से अपना रेतघाट बना रखे थे। जहां से रेत की निकासी कर लगातार रेत बेचकर मालामाल हो रहे थे लेकिन खनिज विभाग को जब इसकी सूचना मिली रेत चोरों के मंसूबे फेल हो गए और मौके से पांच ट्रैक्टर को जप्त किया गया है जबकि ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ भी इस मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है।

**खास बात**
- अवैध परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर को किया गया जप्त

जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए रेतघाट स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदुरमहल में भी रेतघाट स्वीकृत किया गया है। जिसका संचालन ग्राम पंचायत के अधीन किया जा रहा है लेकिन रेत तस्कर इतने सक्रिय हैं कि जिस स्थान पर कुदुरमाल में रेतघाट स्वीकृत कर संचालित किया जा रहा था वहां से कुछ ही दूरी पर ही रेत चोरों ने अपने लिए अलग से रेत घाट बना रखा था और वहां से रेत निकालकर लगातार शहर व गांव में रेत खपा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम ने आज छापामार की कार्यवाही की। जहां अवैध रेतघाट का पर्दाफाश हो गया और मौके से कुल चार ट्रैक्टर व शहरी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर को रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। कुल 5 ट्रैक्टर के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। इस कार्यवाही से रेत चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। खनिज उप संचालक प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में ग्राम पंचायत कुदुरमल के सरपंच, सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है और उनसे पूरी जानकारी हासिल की जा रही है। यदि इस मामले में किसी भी की भी संलिप्तता पाई गई तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में 5 ट्रैक्टर को जप्त कर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



कुदुरमाल घाट के पास जब्त ट्रैक्टर।

**पांच ट्रैक्टर किया गया जब्त**

बरबसपुर में अवैध रेत घाट संचालन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी थी। जहां से कुल 5 ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। साथ ही ग्राम कुदुरमाल के सरपंच सचिव को भी नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा ग्राम बरबसपुर में रेत का भंडारण करने वाले रामलाल कंवर को भी नोटिस जारी कर भंडारण व परिवहन किए गए रेत की सारी जानकारियां मांगी गई है। यदि इस मामले में किसी की भी कोई संलिप्तता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।
-**प्रमोद कुमार**, उपसंचालक, खनिज विभाग कोरबा

**बरबसपुर के भंडारण में भी खनिज विभाग का छापा**

खनिज संचालक प्रमोद कुमार को शिकायत मिली थी कि ग्राम बरबसपुर में रामलाल कंवर द्वारा रेत के भंडारण के लिए अनुमति ली गई है जहां भंडारण भी किया गया है लेकिन वहां लगातार रेत की अफरा तफरी किए जाने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर खनिज संचालक प्रमोद कुमार ने उपसंचालक उत्तम खूंटे एवं उनकी टीम ने मौके पर दबिश दी थी। जहां रेत का भंडारण करने वाले रामलाल कंवर को नोटिस जारी किया गया है और भंडारण स्थल पर कितने रेत का भंडारण किया गया है और कितना परिवहन किया गया है यह सारी जानकारियां उससे मांगी गई है। यदि इस मामले में अफरा तफरी गई है तो रेत का भंडारण करने वाले के खिलाफ भी इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। सूत्र बताते हैं कि रामलाल कंवर द्वारा भले ही रेत भंडारण के लिए बरबसपुर में अनुमति ली गई है लेकिन शहर के एक नामचीन भाजपा नेता द्वारा इस भंडारण का संचालन किया जाता है और लंबे समय से इस भंडारण स्थान में अफरा तफरी की शिकायत आम बात हो गई थी। लगातार इस स्थान से लाखों रुपए के रेत का वारा न्यारा किया गया है। हालांकि इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

# शराब दुकान में कट्टे की नोक पर लाखों की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली स्थित शराब दुकान में देर रात को कट्टे की नोक पर लाखों रुपए लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। लूट की सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने जिले भर में नाकेबंदी कर लुटेरों की सर गर्मी से खोजबीन की जा रही है। लुटेरे बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है।

**खास बात**
- बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे लुटेरे

मामला जिले के पाली थाना क्षेत्र का है। बताया जाता है कि रात लगभग 9:45 बजे शराब दुकान बंद करने के दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक वहां पहुंचे। वे शराब खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचे थे। मौका पाते ही दोनों युवक शराब दुकान में घुस गए और शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों की कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया। इसके बाद लुटेरे शराब दुकान में रखे लाखों रुपए नकद लेकर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। लूट की घटना होते ही मौके पर मौजूद शराब कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। आला अधिकारी सूचना पाते ही दलबल सहित मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस लुटेरों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि शराब दुकान में लगे सीसीटीवी का फुटेज निकाल कर पुलिस फिलहाल मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस के अधिकारी मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं।

### कई ट्रेनें हुई रद्द, कैंसल ट्रेनों की लिस्ट हुई जारी

**कोरबा।** रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं के लिए किया जा रहा विस्तार यात्रियों के लिए ही मुसीबत बनता जा रहा है। बीते दिनों रेलवे द्वारा रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य के चलते 19 गाड़ियां रद्द की गई थी। इसके बाद अब एक बार फिर रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का फिसला किया है। रेलवे के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जंक्शन कोंडापल्ली सेक्शन और विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा-गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। जिसके चलते नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का भी परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द होने वाली गाड़ियों में 1, 4, 8, 11, 15, 18 और 22 मई को कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अप्रैल, 2, 6, 9, 13, 16 और 20 मई को कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# परसाखोला में डूबने से छात्र की मौत दोस्तों के साथ गया था नहाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हनुमान जयंती पर घर से दोस्तों के साथ मंदिर में दर्शन करने के नाम से निकले 3 छात्र नहाने के लिए परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे थे। जहां नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

**खास बात**
- बालको थाना क्षेत्र के परसाखोला में हुई घटना

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र के साडा कालोनी में निवासरत सुशील महंत का पुत्र मोहनीश केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंदिर दर्शन के लिए मोहनीश अपने दो दोस्त के साथ निकला था और जहां से तीनों छात्र बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाखोला पिकनिक स्पॉट जा पहुंचे जहं तीनों छात्र नाला में नहाने लगे और नहाने के दौरान मोहनीश गहरे पानी में डूब गया। साथ गए दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाने में कामयाबी नहीं मिली। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां गोताखोरों की मदद से खोजबीन की गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद शाम को मोहनीश का शव बरामद कर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### गौ तस्करों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**कोरबा।** ग्राम छुरी अन्तर्गत बिन्झपुर में मंगलवार को 105 नग गौवंशों को नदी किनारे होते हुए पत्थल गांव जाने से रोका गया। गौ सेवक विनोद देवांगन छुरी निवासी ने दोपहर 1 बजे उन्हें दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ गौ तस्कर जंगल के रास्ते से नदी किनारे चलते हुए गौवंशों को पत्थल गांव ले जा रहे हैं। तत्काल ही 112 डायल कर उन गौसेवकों ने पुलिस को सूचना दिये। तदुपरांत हमनें पूर्व विधायक ननकीराम कंवर को दूरभाष पर जानकारी दी। उनके द्वारा अविलंब ही थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी को उक्त स्थल पर पहुंचकर कार्यवाही करने को निर्देश दिये।

# सबस्टेशन कर्मियों को मिला वेतन, फिर भी डटे हैं हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को 2 महीने से ना ही वेतन मिला है और ना ही बोनस मिलने पर बुधवार से सब स्टेशन कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं। ठेकेदार ने एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी द्वारा ठेका कर्मियों को 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है जिसे लेकर ठेका कर्मियों ने बुधवार से हड़ताल कर दिया है और सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। अवकाश पर जाते ही बुधवार को ठेकेदार ने ठेका कर्मियों के एकाउंट में एक महीने का वेतन जरुर डाला है लेकिन ठेका कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं वही दूसरी ओर सब स्टेशन का चार्ज लाइनमेन संभाल रहे हैं। बुधवार की शाम शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही जिसके चलते विद्युत विभाग के अफसरों को विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**खास बात**
- लाइनमैन संभाल रहे हैं सब स्टेशन का चार्ज, घंटों बाधित रही विद्युत व्यवस्था



विद्युत विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन करते ठेका कर्मी।

# बालको कर्मियों को मिलेगा 11वां वेतनमान

**कोरबा।** जिले में स्थापित वेदांता समूह की कंपनी बालको में 1 अप्रैल से बालको कर्मियों का 11वां नया वेतनमान लागू हो गया है। नए वेतनमान पर समझौता कर प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से चर्चा कर सहमति ले ली है। इस बार बेसिक व डीए में 17 व वार्षिक इंक्रीमेंट में 4% बढ़ोत्तरी के फार्मूले पर 3 श्रमिक संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं। नए वेतनमान से न्यूनतम 15 और अधिकतम 21 हजार रूपए की प्रतिमाह बढ़ोत्तरी होगी। लगभग 900 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। वेज रिवीजन को लेकर श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के समक्ष प्रस्ताव रखा था। इसमें वेज रिवीजन में पिछली बार से ज्यादा बढ़ोत्तरी किए जाने की मांग की गई थी। प्रबंधन ने सभी यूनियन से प्रस्ताव लेने के बाद आश्वस्त किया था कि जल्द बैठक कर चर्चा की जाएगी और उसमें यथासंभव बढ़ोत्तरी की जाएगी। सोमवार को प्रबंधन ने श्रमिक संघ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और सहमति लेने के बाद नए वेतनमान में समझौता कर हस्ताक्षर लिया।

जाँजगीर मार्केट
गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
• सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, एम्बुलेंस सुविधाए
• दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
सुविधाएं
सोनोग्राफी
एक्स-रे
वेंटीलेटर
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
सुविधाएं
एक्स-रे, पैथोलैब,
फार्मेसी
आधुनिक सुविधाए
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
सर्जिकल आई.सी.यू. फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

25- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/25/2024 7:46 PM Page 1





# अमिताभ की फिल्म 'शूबाइट' अटकी है 12 साल से ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अब तक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।

लाइफ Style



# कियारा

## सलमान की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि कियारा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। कियारा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद कियारा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई। इस फिल्म ने कियारा की किस्मत ही पलट दी और वो रातों रात स्टार बन गई।

## हॉलीवुड मसाला



# बनाया अपने 'मर्डर' का प्लान

**लॉस एंजिलस।** फेमस सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में काम करने वाले हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो एस्पोसिटो दुनियाभर में जाने जाते हैं। अब एक्टर ने एक शो में अपनी जिंदगी में आई आर्थिक दिक्कतों के बारे में बात की है। एक्टर ने बताया कि वो इतने परेशान थे कि उन्होंने अपने 'मर्डर' का प्लान बना दिया था ताकि उनके चारों बच्चे इंश्योरेंस के पैसे क्लेम कर सकें। जिम एंड सैम शो पर जियानकार्लो एस्पोसिटो ने कहा, 'मेरे दिमाग में बाहर निकलना का आइडिया ये थाः क्या आत्महत्या करने पर इंश्योरेंस मिलता है?



# एक दूसरे के सामने आए डेडपूल-वुल्वरीन

**लॉस एंजिलस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस फिल्म में सालों के इंतजार के बाद एक्स-मेन में वुल्वरीन बने नजर आ चुके एक्टर ह्यू जैकमैन एक बार फिर अपने पुराने अवतार में लौट रहे हैं। इस फिल्म में वुल्वरीन और डेडपूल से लड़ाई करते और फिर उसके साथ मिशन पर जाते देखा जाने वाला है। फिल्म का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन', 26 जुलाई को सिनेमाघरों में हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी मजेदार है। इसके डायलॉग सुनकर आपको हंसी तो आएगी ही, साथ ही आंखें भी फटी रह जाएंगी। नए टेलर में वुल्वरीन और डेडपूल को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।



# 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया।




# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोर्ट्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।

***इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3' ? :*** मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

### कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित ज़िन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।

# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार



**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं।

# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

### शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा

*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

### उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी

*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*





### द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

हालांकि मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

# गर्मी में बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये एक्शन और थ्रिलर फिल्में

*__मुंबई।__ अप्रैल माह का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है, सिनेमा प्रेमियों के मन में सवाल उठ रहे होंगे कि इस हफ्ते क्या नया आया है देखने के लिए। हम आपके लिए ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और ओटीटी की पूरी लिस्ट लेकर आए हैं।जिन्हें आप नेटफिलक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर घर बैठे देख सकते हैं और गर्मी के दिनों में फैमिली संग एन्जॉय कर सकते हैं। दर्शकों के लिए अप्रैल का यह हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है। आईए जानते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।*

***रणनीतिः*** बालाकोट एंड बियॉन्ड जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और लारा दत्ता की 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' इस वीक से ओटीटी के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। ये सीरीज 2019 बालाकोट हवाई हमलो पर आधारित है। इसे आप 24 अप्रैल के बाद जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

***दिल दोस्ती डिलेमा :*** दिल दोस्ती डिलेमा' एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों में सजा के तौर पर उसके दादा-दादी के पारंपरिक मोहल्ले में भेज दिया जाता है। हालांकि अपनी सोशल इमेज बनाने के लिए वह दोस्तों से कहती है कि वह कनाडा जा रही है। इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, सुहासिनी मुले, एलीशा मेयर, रेवती पिल्लई और श्रुति सेठ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

***वश :*** 'वश' में हितु कनोडिया, नीलम पांचाल, हितेन कुमार, जानकी बोडीवाला और आर्यन सांघवी हैं। फिल्म में एक परिवार प्रताप नाम के एक अजनबी से मिलता है, जो शुरू में उनकी मदद करता है, लेकिन बाद में उनके लिए परेशानी खड़ी कर देता है। आप इसे शेमारू पर 26 अप्रैल से देख सकते हैं।







***क्रैक :*** अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक' मुंबई स्थित एक स्टंटमैन पर आधारित है, जो अपने भाई के लापता होने की सच्चाई जानने के लिए एक खेल टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। यह फिल्म 26 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***टिल्लू स्क्वायर :*** 'टिल्लू स्क्वायर' की कहानी बाल गंगाधर तिलक उर्फ टिल्लू पर आधारित है, जिसकी लाइफ तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह एक रहस्यमय हत्या के मामले में फंस जाता है. मल्लिक राम द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। आप इस फिल्म को इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

***डेड बॉय डिटेक्टिव्स :*** इस सीरीज़ में जॉर्ज रेक्सट्रू और जेडन रेवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**भीमा :** इस फिल्म की कहानी एक जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे से शहर के मंदिर में होने वाली रहस्यमयी घटनाओं की जांच करता है। फिल्म में गोपीचंद, प्रिया भवानी शंकर, मालविका शर्मा, नासर, नरेश, पूर्णा, वेनेला किशोर, रघु बाबू, मुकेश तिवारी, छम्मक चंद्र, निहारिका कोनिडेला और रोहिणी अमह भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

खबर संक्षेप

## मतदाता पर्ची व पीला चावल देकर मतदान करने कर रहे प्रोत्साहित



**गोधना।** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कुरियारी में घर-घर जाकर लोगों को मतदाता पहचान पर्ची के साथ पीला चावल देकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की गई। ग्राम कुरियारी में आगामी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण 7 मई 2024 के दिन मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसके तहत ग्राम के शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सह बीएलओ भाग संख्या 171 प्रवीण कुमार बंजारा एवं सहायक शिक्षक सह बीएलओ भाग संख्या 169 समीर कुमार यादव तथा प्रमोद साहू बीएलओ भाग संख्या 170 तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती गुलाब कश्यप ने डोर टू डोर जाकर लोगों को मतदाता पहचान पर्ची के साथ पीला चावल देकर वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। प्रवीण कुमार बंजारा ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां की जनता अपने मत का प्रयोग निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर एक अच्छी सरकार का निर्माण करते हैं। उन्होंने लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

## शिक्षक ने देहदान का संकल्प लेकर दिया जागरूकता संदेश

**फगुरम-सक्ती।** जिले के तहसील डभरा अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरघटा के एक शिक्षक ने अनोखी



मिसाल पेश की है। शिक्षक की नौकरी करते हुए न केवल बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं बल्कि लोगों को देहदान के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। जिले के डभरा ब्लाक के शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुखदा में कार्यरत शिक्षक लम्बोदर प्रसाद भारद्वाज ( देवरघटा निवासी) ने दो वर्ष पूर्व 29 अक्टूबर 2022 को शरीर रचना विज्ञान विभाग (एनाटॉमी विभाग) स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में देहदान का संकल्प पत्र सौंपा है। शिक्षक का कहना है कि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर मानव कल्याण के काम आए मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिए डेड बॉडी की आवश्यकता होती है देहदान से व्यक्ति मरणोपरांत भी किसी को जीवनदान दे जाता है यही नहीं, वह ऐसे चिकित्सक को गढने में भागीदार होता है जो वर्षों तक चिकित्सा सेवा के माध्यम से देश-विदेश में लाखों लोगों की जान बचाता है इसके लिए उन्होंने देह दान करने संकल्प लिया है। शिक्षक लम्बोदर प्रसाद भारद्वाज जी के इस पहल की जिले में हर कोई सराहना कर रहा है।

## मारपीट व तोड़फोड़ के आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** दस दिन पहले हुए मारपीट के मामले में एकपक्ष के लोगों ने एफआईआर दर्ज होने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप पुलिस पर लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। 16 अप्रैल की रात बिर्रा थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी शिवकुमार पटेल पिता मंगलू पटेल एक दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही ईश्वर पटेल वहां पहुंचा और झगड़ा करते हुए उससे मारपीट की, जिससे उसके आंख एवं कमर में चोटें आई है। इस आशय की रिपोर्ट लिखाने जब शिव कुमार थाना पहुंचा तब उसके घर में ईश्वर पटेल अपने अन्य संबंधियों को साथ लेकर पहुंच गया और घर में रखे बाइक और मेन गेट में तोड़फोड़ करने के बाद प्रार्थी की मां और पत्नी के साथ फिर से मारपीट की। इस संबंध में प्रार्थी ने बिर्रा थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराई हैं। पुलिस ने धारा 457, 427, 147,249, 506 तथा 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बिर्रा पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने के बाद भी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किए जाने पर शिवकुमार पटेल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## पेड़ से टकराया ट्रेलर, हेल्पर की मौत

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गया। रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रेलर दो टुकड़ों में बट गया। घटना में ड्राइवर की जान तो बच गई मगर उसके हेल्पर की जान चली गई। घटना बीते बुधवार दोपहर 2 बजे की है। घटना के संबंध में मृतक के चाचा नरेश खलखो ने पुलिस को बताया कि वे मूलतः कोरबा के रहने वाले है और रायगढ़ में ग्राम बांधापाली में रहकर ड्रायवरी का करता है। उसका भतीजा आशीष खलखों ग्राम बांधापाली के भवानी पटेल के ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 5146 के चालक सहयोग खलखो के साथ हेल्परी करता था। 24 अप्रैल को अदानी कोयला खदान से कोयला लोडकर राबर्टसन साईडिंग में ले जा रहे थे कि तभी दोपहर करीबन 2.20 बजे उसे मोबाईल से सूचना मिला कि ग्राम बोजिया धुवापहरी रोड के पास ट्रेलर वाहन का एक्सीडेन्ट हो गया है। तब वह ग्राम बोजिया घटना स्थल पर जाकर देखा तो ट्रेलर वाहन रोड किनारे पलटा था एवं ट्रेलर वाहन का ड्राईवर सहयोग कुमार खलखो स्टेरिंग में दबा था और उसका भतीजा आशीष खलखो हेल्पर सीट तरफ दब गया थाण जिसके कारण उसकी मौके में ही मौत हो गयी थी। घटना के संबंध में मृतक के चाचा के लिखित आवेदन पर छाल थाना में आरोपी ड्राइवर सहयोग खलखो पर 304 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

राष्ट्रीय आर्थिक जागरूकता दिवस पर दी गई कानूनी जानकारी

# फ्रॉड कंपनियों के मैसेज का सावधानी से करें अवलोकनः डॉ. भोजवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कोई भी विवाद की जड़ अधिकांश आर्थिक मामलों से उत्पन्न होती हैं इसे गंभीरता से लेनी चाहिए। पैसा सब कुछ नहीं होता लेकिन बहुत कुछ होता हैं।

उक्त विचार नगर पालिका परिषद सक्ती के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय आर्थिक जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विधिक एवं जागरूकता शिविर के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं प्रथम अपर न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी ने कही। डॉक्टर भोजवानी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित जागरुकता शिविर के माध्यम से लोगों को यह बताने की आवश्यकता है धारा 138 पराक्रम में लिखत अधिनियम के अंतर्गत यदि आप किसी को देनदारी में चुक करते हैं इसके परिणाम गंभीर होते हैं। प्राथमिक तौर पर न्यायालय किस दोषी मानकर चलती है मोबाइल में आजकल इस प्रकार के अपराध होते हैं जिसमें फ्रॉड कंपनियों द्वारा मोबाइल में गलत मैसेज भेज कर आपके बैंक खाते पर डाका डाला जाता है इसलिए हर मैसेज को सावधानी से



जानकारी देती प्रथम अपर न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी।

अवलोकन करें इस घटना में पढ़े-लिखे लोग भी कभी कभार ऐसे धोखाधड़ी में फस जाते हैं। विधि प्राधिकरण ने व्यवस्था दी है की यदि अनुसूचित जाति जनजाति समाज का सताया हुआ कमजोर व्यक्ति जिसकी आय 150000 रुपये से कम हो उसे न्यायालय विधिक सहायता प्रदान करती है तथा किसी भी मामलों में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराती है। जन्म से मृत्यु तक हम किसी न किसी कानून से बंधे होते हैं और उन कानून का पालन करना आवश्यक होता है कानून से रहने पर पालन करने पर जीवन यापन करने पर कोई परेशानी नहीं आती जबकि कानून का उल्लंघन करने पर कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट श्रीमती गंगा पटेल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चेक के मामले बहुत आते हैं कोई भी व्यक्ति किसी दिन चेक जारी कर देता है और उसके संबंधित बैंक खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक का अनाधारण होता है और उसके पश्चात न्यायालय इन प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है इसलिए किसी भी व्यक्ति को चेक जाती जारी करते समय इस बात का ध्यान रखें की या तो अपने खाते में पर्याप्त राशि रखें या समय से पहले चेक को उपयुक्त राशि भुगतान कर वापस ले लें अन्यथा इसमें 2 साल की सजा एवं दुगुनी राशि भुगतान करने का प्रावधान है इससे बचने के लिए सबको सावधानी बरतनी चाहिए। अनावश्यक किसी को चेक हस्ताक्षर कर नहीं देना चाहिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह ने कहा कि न्यायालय द्वारा सफाई कर्मचारियों एवं नगर पालिका के कर्मचारियों को जो कानून के बारे में जानकारी प्रदान की गई है निश्चित रूप से उनके लिए उपयोगी होगा। अब आगे उसका पालन भी करेंगे। कार्यक्रम के पूर्व नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा उपस्थित न्यायाधीशों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में न्यायाधीशों के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह, इब्राहिम खान, विकास विश्वकर्मा, दिल बाई खूंटे, पैरालीगल वलिटीयर मनीष साहू, नन्द किशोर सोनवानी सहित नगर पालिका परिषद सक्ती के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



यात्रियों को पानी पिलाती समूह की महिलाएं।

## सारागांव रेल्वे स्टेशन में पेयजल शौचालय की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

सारागांव रेल्वे स्टेशन प. ह. में आवागमन करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल व शौचालय के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसके चलते इस स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है।

गौरतल है कि सारागांव रेल्वे स्टेशन प. ह. से आस पास के ग्राम देवरी, अमरूवा, कुम्हारीखुर्द, कुम्हारीकला, बघौदा, सोनियापाठ , सारागांव, पचोरी, चोरिया सहित एक दर्जन गांवों के ग्रामीण यहां से अपने गंतव्य की ओर आना-जाना करते है। इस रेल्वे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पानी पीने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, और न तो शौचालय की व्यवस्था है। जिससे इस रेल्वे स्टेशन से यात्रा करने वाले आस पास के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में प्यासे यात्रियों की परेशानी को देखते हुए यात्रियों की राहत के लिए ग्राम देवरी की जागृति स्व सहायता समूह की महिलाओं ने इस भीषण गर्मी में देवरी सारागांव रेलवे स्टेशन में यात्रियों को मटकों में ठंडा पानी उपलब्ध कराई जा रही है और प्यासे यात्रियों को पानी पिला रही हैं। इस कार्य में समूह की महिलाएं अमीना देवी, इंदल बाई, शांति बाई, राम बाई, साहिन बाई, सीता बाई, विमला, गीता बाई , राजकुमारी, श्यामता, शकुंतला एवं सहयोगी काजल करियारे, लोकेश, नागेश, जयेश जुटी हुई है ।

■ यात्रियों को हो रही परेशानी, जागृति स्व सहायता समूह ने की ठंडे पानी की व्यवस्था

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**अकलतरा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रवेश हेतु आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक स्वीकार किए जाएंगे एवं दवा आपत्ति का समय 6 मई से 10 मई तक दिया जायेगा, तत्पश्चात 10 मई से 15 मई के बीच लाटरी की प्रक्रिया की जायेगी जिसकी सूचना स्कूल के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकेगा।

लाटरी के बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया पूर्ण की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची सूचना पटल पर लाटरी उपरांत चस्पा कर दी जायेगी। लाटरी में 50 प्रतिशत सीट छात्राओं के लिए एवं 25 प्रतिशत सीट बीपीएल उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित की गई है। बीपीएल उम्मीदवारों को नगरपालिका, जनपद कार्यालय से अपना सर्वेसूची कमांक सहित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जायेगा। अकलतरा ब्लाक के क्षेत्र के




विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। कक्षा 1 ली को छोड़कर अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु पूर्व कक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना अनिवार्य होगा। कक्षा 1 ली में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य होगा। इस सत्र में कक्षावार रिक्त सीट की जानकारी वेबसाईट या सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। लाटरी चयन समिति, स्कूल स्टाफ, पालकगण एवं अन्य उपस्थित नागरिकगणों के बीच होगा। किसी भी प्रकार से विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय का अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह ने शांतिपूर्ण चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु सहयोग की अपेक्षा की है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 "सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप)" कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने एवं निवार्चन प्रक्रिया में सहभागिता प्राप्त करने के उद्देश्य से परियोजना स्तर पर आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका सम्मेलन का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा मेहंदी, रंगोली आदि के माध्यम से मतदान हेतु आह्वान किया गया, तथा मतदाता पर्ची वितरण कर उपस्थित जन समुह से शपथ ग्रहण कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सम्मेलन के अन्तर्गत लोगों ने बढचढ कर हिस्सा लिया।

## आरसेटी नियंत्रक ने प्रशिक्षार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

एसबीआई आरसेटी कोरबा में आयोजित तीस दिवसीय ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के असेसमेंट तथा ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के मॉनिटरिंग करने छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी पहुंचे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक व कृषि उद्यमी, आचार, पापड़, मसाला पाउडर निर्माण, सब्जी खेती नर्सरी प्रबंधन के मास्टर ट्रेनर,असेसर दीनदयाल यादव, केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार व मुर्गी पालन, बकरी पालन, कोसा कीट रेशम पालन के मास्टर ट्रेनर,असेसर रामाधार देवांगन,ईडीपी असेसर सुरजीत कुमार गुहा, डोमिन असेसर कृष्ण कुमार प्रजापति, ड्रायविंग का मास्टर ट्रेनर असेसर प्रदीप कुमार, कम्प्यूटर के मास्टर ट्रेनर,असेसर मुन्ना शुब्बा,ब्यूटी पार्लर के मास्टर ट्रेनर,असेसर उषा गौतम, बकरी पालन मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार, अहमद खान, फैकेल्टी गौतम जांगड़े, सुरंजना विश्वाल, प्रहलाद कुमार, आयुष कुमार, जशवंत कुमार, प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रण ने आरसेटी कोरबा परिसर में नारियल पौधे का रोपण भी किया तथा कम्प्यूटर कक्ष, केंटीन, हॉस्टल, किचन, शौचालय, भोजन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। वहीं दूसरी तरफ प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल युवक, युवतियों तथा महिलाओं से प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा करते हुए पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किये जा रहे स्व रोजगार और आमदनी प्राप्त करने वाले उद्यमियों से मुलाकात किया।

■ किसान स्कूल की टीम हुई शामिल



जानकारी प्राप्त करते नियंत्रक।

## निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर करें अपने मताधिकार का प्रयोग

**जांजगीर-चांपा।** ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर की मासिक बैठक समिति की वरिष्ठ सदस्य जयश्री शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित को गयी। जयश्री शर्मा ने कहा की निर्भिक एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक मजबूत सरकार का चयन करें।

अनुराधा शुक्ला एवं नम्रता शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने वोट देने जरूर जाए एवं अपने साथियों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। इसी तारतम्य में पूर्णिमा शर्मा द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम राम जी के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया को सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। समिति की वरिष्ठ सदस्य सीता पाण्डेय ने बताया कि बटुकों को धोती, गमछा,टोपी,पूजन सामग्री, नाश्ता एवं भोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा, बटुकों का पंजीयन किया जा चुका है। जयंती दुबे एवं निशा मिश्रा ने पंजीकृत बटुकों के पालकगण से आग्रह किया है कि सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुंचकर कार्यक्रम के सहभागी बने । उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे। पंजीकृत बटुकों के नाम शाश्वत शुक्ला, प्रवीण तिवारी,प्रियांश तिवारी, लक्की दुबे, अंश दुबे, श्रृजन तिवारी, आदित्य नारायण पाण्डेय, पुष्कर पाण्डेय, अभिजीत तिवारी, अभ्युदय तिवारी, सुनील कुमार तिवारी, मनीष दुबे,रुद्रांश तिवारी, आयोग मिश्रा, दीपेश अवस्थी, अर्पित दुबे,नीरज दुबे,भास्कर पाण्डेय, हर्ष शर्मा, पवन गौतम, आयुष दुबे, दिव्यांश तिवारी, संजय तिवारी, जयकृष्ण शर्मा है। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा,सीता पांडेय, जयश्री शर्मा, बीना दुबे,जयंती दुबे,नीलू पांडेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे,निशा मिश्रा, अलका शर्मा,नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा, किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा,स्मृति गौरहा,नम्रता शर्मा, जूही गौरहा आयोजन की तैयारी में जुटे है ।

■ ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों ने ली शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ



मताधिकार का प्रयोग करने शपथ लेती महिलाएं।

## शिवरीनारायण में धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में युवा ब्राम्हण परिवार की बैठक आयोजित हुई। प्रतीक शुक्ला ने बताया बैठक में 10 मई को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया 10 मई की शाम को भगवान शिवरीनारायण मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती की जाएगी। दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। आसमान में आकाश दीप छोड़े जाएंगे। मंदिर परिसर में आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। भगवान को बूंदी के लडडू, नारियल, मौसमी फल का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में ब्राम्हण समाज के पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हुई।

■ विशेष पूजा अर्चना के साथ होगी महाआरती



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## लगातार पेड़ों को काटने से बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन : जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड संजय जोशी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष एकाउन्ट अशोक शर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष पर्चेस सुधाकर सारश्वत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इलेक्ट्रीकल एण्ड इंस्ट्रुमेंटेशन एस.कुमार, कारखाना प्रबंधक उदय सिंह, अध्यक्ष इंटक शिवदयाल कर्ष, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष अशोक वैष्णव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष थवाईत, सहायक महाप्रबंधक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाने संबंधी थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक पर विचार व्यक्त किए। अशोक वैष्णव, विभागाध्यक्ष पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने अपने उदबोधन में कहा कि पहली बार पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1960 में प्रस्ताव रखा गया और 22 अप्रैल 1970 से मनाना चालू किया गया, तब से आज तक मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य जलवायु संकट व पर्यावरण समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करना है। अपने जीवन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करे, इसके जगह पेपर युक्त थैला एवं कपडा युक्त थैला का उपयोग करे। मुख्य अतिथि संजय जोशी यूनिट हेड ने अपने उदबोधन में कहा कि पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण को बढावा देने, पृथ्वी को संरक्षित करने और ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है। दुनिया भर में आज के दिन पृथ्वी व पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया जाता है। यह दिन जलवायु संकट और पर्यावरण के सामने पैदा हुए संकट की ओर ध्यान दिलाता है। लगातार पेडो के काटे जाने से, जंगलो का कम होना, बढता वायु व जल प्रदूषण, धरती का बिगडता संतुलन दुनिया भर के देशों के लिए समस्या हो गयी है। इस समस्या से बाहर निकलने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना। कार्यक्रम को शिवदयाल कर्ष, अशोक शर्मा, सुधाकर सारश्वत, उदय सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक एवं प्रशासन विभाग, हार्टिकलचर, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, समस्त विभाग के साथ-साथ पॉवर प्लांट, स्पंज ऑयरन, इंडक्शन फर्नेश एवं सबमर्ज आर्क फर्नेश डिवीजन के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

■ प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411